# राजस्थान सरकार
# कार्यालय कोषाधिकारी जयपुर (शहर)
## कलेक्ट्रेट परिसर, जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर

Email-ID: to-jaipc-rj@nic.in Telephone no: 0141-2209050

क्रमांकः प.12( ) कोष/शहर/प्रशिक्षण/17–18/ 1927 दिनांकः– 19.9.17

नवनियुक्त क0 लेखाकार बैच 2013
(जयपुर जिले में पदस्थापित)/
नियंत्रक अधिकारी

विषयः– आगमन प्रशिक्षण हेतु कार्यग्रहण की सूचना भिजवाने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत निदेशालय, कोष एवं लेखा, राज0 जयपुर के निर्देशानुसार जयपुर जिले में पदस्थापित नवनियुक्त क0 लेखाकार बैच 2013 को कोषालय द्वारा पंचम एवं अंतिम प्रशिक्षण दिनांक 03.10.2017 से दिनांक 16.10.2017 तक दिया जा रहा है।

कार्यालय के आदेश क्रमांक प.12( ) कोष/शहर/प्रशिक्षण/17–18/1920 दिनांक 18.09.2017 द्वारा जयपुर जिले में पदस्थापित प्रशिक्षण से शेष रहे 138 क0 लेखाकारों को पंचम एवं अन्तिम सत्र हेतु नामित किया गया है(प्रति संलग्न)। **जयपुर जिले में पदस्थापित नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों हेतु आयोजित आगमन प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला में यह अंतिम बैच है।** यदि जयपुर जिले में पदस्थापित किन्ही कनिष्ठ लेखाकारों को आगमन प्रशिक्षण हेतु नामित नहीं किया गया है अथवा उनके नियंत्रक अधिकारी द्वारा या स्वयं के आग्रह पर पूर्व बैचों में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया गया है व इस आदेश में भी नाम सम्मिलित नहीं है तो ऐसे कनिष्ठ लेखाकार कोष कार्यालय में अविलम्ब संपर्क करें जिससे अंतिम प्रशिक्षण सत्र में उन्हें सम्मिलित किया जा सके।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

19.9.17
कोषाधिकारी
जयपुर (शहर)

क्रमांकः प.12( ) कोष/शहर/प्रशिक्षण/17–18/ 1928 दिनांकः– 19.9.17

निदेशक, कोष एवं लेखा, राज0 जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि जयपुर जिले में पदस्थापित सभी नवनियुक्त क0 लेखाकारों की कार्यग्रहण रिपोर्ट कोष कार्यालय को प्राप्त नहीं हो सकी है। अतः उक्त पत्र विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने की व्यवस्था करें ताकि कोई भी कनिष्ठ लेखाकार प्रशिक्षण में सम्मिलित होने से वंचित न रहे।

19.9.17
कोषाधिकारी
जयपुर (शहर)